बुनियादी ढांचे और कृषि तकनीक में सहयोग करेगा अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम

आईएफसी के ग्लोबल एमडी मखतार डियोप ने की सीएम योगी से मुलाकात

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। यूपी को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और प्रदेश के बुनियादी ढांचे व कृषि तकनीक में सहयोग को लेकर शनिवार को अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) के ग्लोबल एमडी मखतार डियोप ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। आईएफसी ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के जरिये सहयोग का प्रस्ताव दिया। आईएफसी की ओर से प्रदेश में नमामि गंगे की तर्ज पर एक राज्यव्यापी जल कार्यक्रम विकसित करने पर भी चर्चा की गई, जो वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट पर केंद्रित होगा। मुख्यमंत्री ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

आईएफसी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में पहले से सहयोग कर रहा है। इसने देश के पहले और सबसे बड़े बिजली क्षेत्र इंफ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट ट्रस्ट इंडीग्रिड में आईएफसी ने 20 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। इससे भारत के ट्रांसमिशन सेक्टर का आधुनिकीकरण हो रहा है। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने के लिए आईएफसी और वर्ल्ड बैंक, राज्य सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में सात शहर (कानपुर, लखनऊ, गाजियाबाद, आगरा, वाराणसी, मेरठ और प्रयागराज) हैं, जिनकी जनसंख्या 10 लाख से ज्यादा है। ये शहर इस पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनेंगे। आईएफसी और वर्ल्ड बैंक ग्रुप संयुक्त रूप से राज्य के लिए पूल्ड फाइनेंसिंग संरचना में मदद कर सकते हैं, जिससे शहरी बुनियादी ढांचे में निजी पूंजी को आकर्षित किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी ने मखतार डियोप से राज्यव्यापी जल कार्यक्रम विकसित करने पर भी चर्चा की। -सूचना विभाग

29 परियोजनाओं में लगभग 75 करोड़ डॉलर का निवेश

आईएफसी के सहयोग से वर्ल्ड बैंक ग्रुप 100 शहरों में जलापूर्ति, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवा में मदद देगा। इसने 2007 से अब तक रसायन और उर्वरक, आवास, नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार, स्वास्थ्य और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में 29 परियोजनाओं में लगभग 75 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। आईएफसी को 600 मेगावाट के झांसी सोलर प्रोजेक्ट पर सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था। इस परियोजना से सालाना कम से कम 11 लाख टन कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद मिलेगी। ये भारत कृषि तकनीक सलाहकार परियोजना (आईएपी) से 30,000 से अधिक किसानों को लाभ पहुंचा रही है।

सीएम आज महाकुंभ का लोगो, वेबसाइट व एप करेंगे लांच

लखनऊ। सीएम योगी ने शनिवार सुबह अपने आवास पर अधिकारियों के साथ बैठक कर महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लिया। रविवार को वे प्रयागराज जाएंगे और महाकुंभ-25 के प्रतीक चिह्न (लोगो) का अनावरण, वेबसाइट और एप लांच करेंगे। इसके बाद वे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा बैठक भी करेंगे। यहीं पर वे महाकुंभ के लोगो का अनावरण, वेबसाइट kumbh.gov.in और एप (Mahakumbhmela2025) को लांच करेंगे। वे महाकुंभ से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण भी करेंगे। लोगो का प्रयोग महाकुंभ की वेबसाइट और एप के साथ अन्य प्रचार माध्यमों में भी किया जाएगा। महाकुंभ की वेबसाइट और एप श्रद्धालुओं व पर्यटकों के वायु, रेल और सड़क मार्ग से महाकुंभ पहुंचने में सहयोग करेगा। इस प्रयागराज में आवासीय सुविधा, परिवहन, पार्किंग, मंदिरों तक पहुंचने की जानकारी मिलेगी। ब्यूरो